Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

>

Title : Regarding the need to bear the full expenditure by the Central Government for construction of National Highways in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : महोदय, बिहार राज्य में राट्रीय उच्च पथ 3400 किलोमीटर है, जिसमें 890 किलोमीअर चार लेन बनाने की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा दी गयी है लेकिन इनके शर्त के मुताबिक 40 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 60 प्रतिशत इन्वेस्टर को लगाना है। यह सर्वविदित है कि बिहार सर्वाधिक पिछड़ा एवं गरीब राज्य है, जहां इस तरह पूंजी वाला कोई व्यक्ति नहीं है जो इस कार्य को करे। अतः भारत सरकार से आग्रह है कि पूरा खर्च वहन करके निर्माण कार्य को पूरा करावें। कुल 1700 किलोमीटर लेन एनएच कि सड़क बिहार में है, जिसमें 1100 किलोमीटर की हालत बिल्कुल खराब है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राट्रीय उच्च पथ के मापदंड के अनुसार योजना बनाकर इन सड़कों का निर्माण कराया जाये।